सूर्यास्त 05.32
न्यूनतम 17.0°
1,96,230
2,30,000

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष: 18 अंक :137 कानपुर, सोमवार 16 नवम्बर 2026 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य: 2.00 रुपए

राष्ट्रीय स्वरूप

छः दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण आज से

कानपुर । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व में मशरूम उत्पादन तकनीक पर छन्दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 नवंबर से 21 नवंबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। पादप रोग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि कोई भी व्यक्ति (कृषक, छात्र एवं शहरी लोग) जो मशरूम की खेती या व्यवसाय करना चाहते हैं। तो यह उनके लिए सुनहरा अवसर है।उन्होंने बताया कि हमारा देश कृषि प्रधान है और ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि के साथ-साथ अन्य उद्योगों में भी प्रशिक्षण देना जरूरी है। डॉ.श्रीवास्तव ने बताया कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर लोग एस्टर, बटन या मिल्की मशरूम की खेती शुरू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विस्तार से प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी सलाह उपलब्ध कराई जाएगी।साथ ही प्रशिक्षण के दौरान मशरूम उगाने के विभिन्न प्रकार के प्रयोग (प्रैक्टिकल) भी कराए जाएंगे। नोडल अधिकारी डॉ. श्रीवास्तव ने आगे बताया कि प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए 1500/- रुपया पंजीकरण शुल्क के साथ अपनी आईडी (आधार की कॉपी) एवं एक स्वयं की पासपोर्ट साइज फोटो देनी होगी।



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अगर कोई किसान बाहर से आता है। तो उसे रुकने की व्यवस्था होगी। लेकिन उसके लिए प्रशिक्षणार्थी को स्वयं खर्चा वहन करना होगा।विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि सफलतापूर्वक प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9839818899 एवं 8218483463 पर संपर्क करें द्य।

स्वतंत्र चेतना 16/11/2026

सीएसए में आज से पढ़ाया जाएगा मशरूम की खेती का पाठ

स्वतंत्र चेतना, कानपुर। सीएसए में आज से 21 नवंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक पर छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पादप रोग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण में किसान, छात्र और शहरी लोग भी शामिल हो सकते हैं। प्रशिक्षणार्थियों को ऑयस्टर, बटन और मिल्की मशरूम की खेती की तकनीकी जानकारी देने के साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं और किसानों को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। पंजीकरण शुल्क 1500 रुपये निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थियों को आधार कार्ड की छायाप्रति और एक पासपोर्ट साइज फोटो जमा करनी होगी। बाहर से आने वाले प्रतिभागियों के लिए ठहरने की व्यवस्था होगी, जिसका खर्च स्वयं वहन करना होगा। प्रशिक्षण पूरा होने पर प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए 9839818899 और 8218483463 पर संपर्क कर सकते हैं।

द बैनर 16/11/2026

सीएसए देगा मशरूम उत्पादन की ट्रेनिंग



द बैनर न्यूज़

कानपुर। सीएसए में आज से 21 नवंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक पर छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पादप रोग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण में किसान, छात्र और शहरी लोग भी शामिल हो सकते हैं। प्रशिक्षणार्थियों को ऑयस्टर, बटन और मिल्की मशरूम की खेती की तकनीकी जानकारी देने के साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं और किसानों को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। पंजीकरण शुल्क 1500 रुपये निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थियों को आधार कार्ड की छायाप्रति और एक पासपोर्ट साइज फोटो जमा करनी होगी। बाहर से आने वाले प्रतिभागियों के लिए ठहरने की व्यवस्था होगी, जिसका खर्च स्वयं वहन करना होगा। प्रशिक्षण पूरा होने पर प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए 9839818899 और 8218483463 पर संपर्क कर सकते हैं।

विशेष आकर्षण रही। आयोजन स्कूल के डायरेक्टर सौरभ द्विवेदी, सीनम द्विवेदी

अमर उजाला 16/11/2026

मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण आज से शुरू

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में सोमवार से मशरूम उत्पादन तकनीक पर छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होगा। 16 से 21 नवंबर तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में किसानों, विद्यार्थियों और शहरी लोगों को मशरूम उत्पादन की तकनीक सिखाई जाएगी। पादप रोग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण में एस्टर, बटन और मिल्की मशरूम के उत्पादन की जानकारी दी जाएगी। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया जाएगा। (ब्यूरो)